मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

शुद्धिपत्र क्रमांक 02/10-11/2021, दिनांक 10.02.2022

राज्य सेवा परीक्षा 2021 / राज्य वन सेवा परीक्षा 2021
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा में वृद्धि एवं सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की सुविधा पुन: प्रारंभ करने की सूचना

ऑनलाइन आवेदन अवधि दिनांक 14.02.2022 से
24.02.2022 (रात्रि12:00 बजे)

01 आयोग द्वारा मध्य प्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के प्रशासनिक पदों की पूर्ति हेतु "राज्य सेवा परीक्षा- 2021" का विज्ञापन क्रमांक 10/2022, दिनांक 22.12.2021 तथा "राज्य वन सेवा परीक्षा- 2021" का विज्ञापन क्रमांक विज्ञापन क्रमांक 11/2022, दिनांक 22.12.2021 आयोग की वेबसाइट www.mppsc.nic.in पर जारी किया गया है।

02 उक्त परीक्षा के संदर्भ में प्रस्तुत याचिका क्रमांक 2108/2022 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश दिनांक 08.02.2022 के अनुपालन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पि.वर्ग के समान आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु-सीमा में छूट देय होंगी किन्तु किसी भी स्थिति में अधिकतम आयु सीमा गणना तिथि 01.01.2022 को 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अर्थात जिन अभ्यर्थियों की आयु 45 वर्ष से अधिक है वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगें।

03 उपरोक्तानुसार छूट का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों कि अभ्यर्थिता याचिका क्रमांक 2108/2022 के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगी।

04 सभी श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा दिनांक 14.02.2022 से 24.02.2022 (रात्रि12:00 बजे तक) पुन: प्रारंभ की जा रही है। ऑनलाइन आवेदन पत्रों में दिनांक 26.02.2022 (रात्रि12:00 बजे तक) त्रुटि सुधार किया जा सकेगा।

05 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

सचिव